बिहार सरकार

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक– वि0 प्रा0(।।।) ब–06 / 2012– / पटना, दिनांक–

प्रेषक,

अतुल सिन्हा,

निदेशक

सेवा में,

अवर सचिव,

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,

बिहार, पटना।

विषय :– वित्तीय वर्ष 2016–17 में आयोजना भिन्न (गैर योजना) बजट के मुख्यशीर्ष–3451– सचिवालय आर्थिक सेवाएं, उपमुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष–090–सचिवालय, मांग संख्या–43, उपशीर्ष–0003–विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग (विपत्र कोड– N 3451000900003) के अधीन अतिरिक्त आवंटन।

महाशय,

निदेशानुसार, वित्तीय वर्ष 2016–17 में निर्गत आवंटनादेश संख्या–03(आ), दिनांक 03.5.2016 के क्रम में विषयांकित बजटशीर्ष के अधीन 2801 व्यावसयिक एवं विशेष सेवाएं विषयशीर्ष में पुनर्विनियोग के माध्यम से उपबंधित राशि में से 31 मार्च 2017 तक नियमानुसार व्यय हेतु रू॰ 2,00,000=00 (दो लाख रूपये) मात्र का अतिरिक्त आवंटन प्रदान किया जाता है।

2. यह आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक–2561 / वि(2) दिनांक 17.04.1998 एवं पत्रांक–4572, दिनांक 03.06.2016 के आलोक में दिया जा रहा है। अतएव उक्त परिपत्रों तथा वित्त विभाग के अन्य सुसंगत परिपत्रों एवं अन्य वित्तीय नियमों निहित दिशा–निर्देशों का अनुपालन निकासी एवं व्ययन के पूर्व निश्चित रूप से किया जाय।

3. उक्त आवंटित राशि का दूसरे विषय शीर्षो में अपवर्तन कदापि नहीं किया जाय।

4. उक्त आवंटित राशि की निकासी हेतु विपत्रों के उपस्थापन के क्रम में कृपया यह सुनिश्चित किया जाय कि विपत्रों पर समुचित आयोजना भिन्न, कोड संख्या सहित शीर्षो का नाम, मॉग संख्या, विपत्र कोड तथा कुट संख्या सहित विषयशीर्षो के नाम का सुस्पष्ट उल्लेख रहे ताकि महालेखाकार, बिहार, पटना के कार्यालय में विपत्रों के पोस्टिंग में सुविधा हो सके।

5. स्वीकृत्यादेश / आवंटनादेश तथा विपत्रों में कोड संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करने के संबंध में वित्त विभाग के पूर्व प्रेषित पत्रांक– 280 / वि0 दिनांक 29.03.2003 में अंकित दिशा–निर्देशों का आक्षरशः अनुपालन किया जाय।

6. व्यय विवरणी टी.भी. नं. एवं तिथि सहित प्रत्येक माह के 7(सात) तारीख तक महालेखाकार, बिहार, पटना तथा अधोहस्ताक्षरी को निश्चित रुप से उपलब्ध कराया जाय।

7. इसमें प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह॰ / –

(अतुल सिन्हा)
निदेशक
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक – वि0 प्रा0(।।।) ब–06 / 2012 / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰) बिहार, पटना / महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना / वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰ / –

निदेशक

ज्ञापांक – वि० प्रा०(।।।) ब–06 / 2012 / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, निर्माण भवन, बेली रोड पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –

निदेशक

ज्ञापांक – वि० प्रा०(।।।) ब–06 / 2012 132 (m1) / पटना, दिनांक– 7.2.017

प्रतिलिपि – माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / उप निदेशक (यो) / आई०टी० मैनेजर (ई–मेल एवं विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु) / एक अतिरिक्त प्रति गार्ड फाइल में संधारण हेतु (निर्गत शाखा), विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06.02.17

निदेशक

2/2/17